

तिरुच्चि दर्पण

திருச்சி தர்பண் TIRUCHY DARPAN

सीमा शुल्क मुख्य आयुक्त (निवारक) जोन, तिरुच्चिराप्पल्लि
नं 1 विल्लियम्स रोड, कन्टोनमेंट, तिरुच्चिराप्पल्लि 620 001

CHIEF COMMISSIONER OF CUSTOMS (PREVENTIVE) ZONE,
NO.1, WILLIAMS ROAD, CANTONMENT, TIRUCHIRAPPALLI 620 001

तूत्तुक्कुडि, सीमा शुल्क की टाइम रिलीस स्टडी का माननीय अध्यक्ष, सीबीआइसी श्री एस. रमेश, भा.रा.से द्वारा 17 दिसंबर 2018 को बेंगलूरु में विमोचन

बैठक भवन के उद्घाटन के अवसर पर श्री एस.के. पांडा, माननीय सदस्य सीबीआईसी के साथ मुख्य आयुक्त सीमा शुल्क, आयुक्त सीमा शुल्क एवं आयुक्त जीएसटी।

तिरुच्चि दर्पण

TIRUCHY DARPAN திருச்சி தர்பண்

सीमा शुल्क (निवारक) जोन, तिरुच्चिराप्पल्लि
CUSTOMS (PREVENTIVE) ZONE, TIRUCHIRAPPALLI

अंक : 2 இதழ் : 2 ISSUE : 2

2019 जनवरी 2019 ஜனவரி 2019 January

பொறையொருங்கு மேல்வருங்கால் தாங்கி இறைவற்கு
இறையொருங்கு நேர்வது நாடு – திருவள்ளுவர்

एक साथ जब आ पड़े, जब भी सह सब भार।
देता जो राजस्व सब, है वह राष्ट्र अपार॥

तिरुवल्लुवर

(हिन्दी अनुवाद – मु.गो. वेंकटकृष्णन)

प्रधान संपादक श्री रंजन कुमार राउतरे मुख्य आयुक्त	**Editor-in-Chief** Shri Ranjan Kumar Routray Chief Commissioner
प्रबंध संपादक श्री **अशोक** प्रधान आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारक) तिरुच्चिराप्पल्लि श्री **के.वि.वि.जि. दिवाकर** आयुक्त, सीमा शुल्क गृह तूतुक्कुडि	**Managing Editors** Shri **Ashok** Principal Commissioner, Customs (Preventive) Shri **K.V.V.G. Diwakar** Commissioner, Customs House, Tuticorin

संपादक दल

सर्वश्री / श्रीमती

रंजन कुमार राउतरे	मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारक), तिरुच्चिराप्पल्लि	प्रधान संपादक
अशोक	प्रधान आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारक) तिरुच्चिराप्पल्लि	प्रबंध संपादक
के.वी.वी.जी. दिवाकर	आयुक्त, सीमा शुल्क गृह तूत्तुक्कुडि	प्रबंध संपादक
एस. ईश्वर रेड्डी	संयुक्त आयुक्त, सीमा शुल्क, (मुआका), तिरुच्चिराप्पल्लि	संपादक

भाषा संपादक

एम. राजराजेश्वरी	वरिष्ठ अनुवादक, मु आ(नि) कार्यालय	सर्व कार्यभारी संपादक
हिन्दी		
देवेन्द्र सिंह सिकरवार	कनिष्ठ अनुवादक, मु आ(नि) कार्यालय	
तमिल		
वी. स्वामिनाथन,	अधीक्षक, अपील, सीमा शुल्क मुख्यालय, तिरुच्चिराप्पल्लि	
अंग्रेजी		
एन. सत्यनारायणन	अधीक्षक, मु आ(नि) कार्यालय, तिरुच्चिराप्पल्लि	

EDITORIAL BOARD

S/Shri/Smt

Ranjan Kumar Routray	Chief Commissioner, Customs (Preventive)	Editor-in-Chief
Ashok	Principal Commissioner, Customs (Preventive)	Managing Editor
K.V.V.G. Diwakar	Commissioner, Customs House, Tuticorin	Managing Editor
S. Eswar Reddy	Joint Commissioner, CC(P) Office	Editor

Language Editors

M. Rajarajeswari	Senior Translator, CC(P) Office Trichy	Editor in overall charge
Hindi		
Devendra Singh Sikarwar	Junior Translator, CC(P) Office Trichy	
Tamil		
S. Swaminathan,	Superintendent, Appeals, Customs Hqrs., Trichy	
English		
N. Sathyanarayanan	Superintendent, CC(P) Office Trichy	

The articles appearing in **Tiruchi Darpan** do not necessarily reflect the views of the Department. The responsibility for the opinions expressed and accuracy of the statements rests with the authors.

Front cover image : Srirangam Temple **Back cover image : Trichy Cauvery**

S.K. PANDA
Special Secretary & Member

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
वित्त मंत्रालय / राजस्व विभाग
MINISTRY OF FINANCE / DEPARTMENT OF REVENUE
केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क बोर्ड
CENTRAL BOARD OF EXCISE & CUSTOMS
नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली - 110 001
NORTH BLOCK, NEW DELHI - 110 001
Tel. No. +91-11-23092303, Fax No. +91-11-23092417

संदेश

प्रसन्नता का विषय है कि तिरुच्चि सीमा शुल्क (निवारक) जोन द्वारा "तिरुच्चि दर्पण" के द्वितीय अंक का प्रकाशन किया जा रहा है। हिन्दीतर राज्य में त्रिभाषी पत्रिका के प्रकाशन से अंदाज लगाया जा सकता है कि राजभाषा हिन्दी की स्थिति संपूर्ण भारत में सुदृढ़ हो रही है तथा स्थानीय भाषाएं भी पनप रही हैं। भाषाई दृष्टि से यह काफी संतोषजनक बात है। यह अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भाषाई जागरूकता को भी दर्शाता है। आशा है राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार में "तिरुच्चि दर्पण" सतत योगदान देती रहेगी।

शुभ कामनाओं सहित ।

(एस.के.पांडा)

ज़ोनल सदस्य

संदेश

प्रधान संपादक की कलम से .....

मेरे लिए यह हार्दिक प्रसन्नता की बात है कि तिरुच्चिराप्पल्लि सीमा शुल्क (निवारक) जोन अपनी त्रिभाषी पत्रिका "तिरुच्चि दर्पण" का द्वितीय अंक निकालने जा रहा है। मुझे विश्वास है कि पत्रिका के प्रकाशन से कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों में हिन्दी के प्रति जागरूकता पैदा होगी जिसके फलस्वरूप सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा मिलेगा। इस तरह की विभागीय पत्रिकाएँ, जोन की गतिविधियों का एवं कार्यरत अधिकारियों की प्रतिभा का दर्पण है । मैं इस पत्रिका के माध्यम से इस जोन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध करता हूँ कि वे अपनी सरकारी कामकाज में अधिकाधिक राजभाषा का प्रयोग करने के लिए सतत प्रयत्नशील रहें।

पत्रिका के प्रकाशन में योगदान देने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को मैं हार्दिक बधाई देता हूँ। उम्मीद है कि इस अंक में प्रकाशित तीनों भाषाओं की रचनाएं पाठकों को पसं आएं।ी। समस्त पाठकगण की राय की प्रतीक्षा रहेगी ।

रंजन कुमार राउतरे

मुख्य आयुक्त

संदेश

प्रबंध संपादक की कलम से.....

हम सब के लिए गौरव की बात है कि तिरुच्चिराप्पल्लि सीमा शुल्क (निवारक) जोन अपनी त्रिभाषी पत्रिका "तिरुच्चि दर्पण" का द्वितीय अंक निकाल रहा है। इसके प्रकाशन का मुख्य उद्देश्य ही राजभाषा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है । हिन्दी, राजभाषा होने के साथ-साथ हम सब भारतीयों के बीच संपर्क-भाषा की भूमिका भी निभा रही है । राजभाषा दर्जा प्राप्त हिन्दी के प्रचार के लिए प्रकाशित इस तरह की पत्रिकाएँ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लेखन प्रतिभा को उजागर कराती हैं ।

सभी लेखक बधाई के पात्र हैं। कृपया अपने बहुमूल्य सुझावों से हमको अवगत कराएं ताकि पत्रिका के आगामी अंक को और अधिक सार्थक रूप में प्रस्तुत किया जा सके।

अशोक

(अशोक)

प्रधान आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारक),
तिरुच्चिराप्पल्लि

संदेश

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि सीमा शुल्क (निवारक) जोन, तिरुच्चि की ओर से पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी त्रिभाषी पत्रिका "तिरुच्चि दर्पण" का प्रकाशन किया जा रहा है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौलिक अभिव्यक्ति के लिए विभागीय पत्रिका का प्रकाशन महत्वपूर्ण है। पत्रिका रोचक जानकारी के साथ-साथ विभाग की वर्ष भर की उपलब्धियों का चित्रण भी करती है। राजभाषा के प्रचार-प्रसार में विभागीय पत्रिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। यह पत्रिका राजभाषा हिन्दी के साथ-साथ स्थानीय भाषा तमिल के प्रचार-प्रसार में भी सहायक होगी।

मुझे आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि पत्रिका में उत्कृष्ट, पठनीय, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरक सामग्री का समावेश किया गया है। इस पत्रिका से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से जुड़े सभी व्यक्तियों को मैं, हार्दिक बधाई देता हूँ तथा पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए शुभकामनाएं देता हूँ।

के.वि.वि.जि. दिवाकर

के.वि.वि.जि. दिवाकर,

आयुक्त, सीमा शुल्क गृह, तूत्तुक्कुडि



संदेश

संपादकीय .....

तिरुच्चि दर्पण के द्वितीय अंक के प्रकाशन के अवसर पर मुझे अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है।

भारत एक बहुभाषी देश है। अपनी क्षेत्रीय/प्रांतीय भाषाओं का विकास करना भी हमारा दायित्व है। सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान करते हुए हमें संघ की राजभाषा हिन्दी के प्रयोग में भी निरंतर वृद्धि लानी है। हिन्दी भाषा का सामर्थ्य, संप्रेषणीयता और सांस्कृतिक विरासत ऐसे गुण है जो भाषा को महिमामंडित करते हैं। अथः इस भाषा का ज्ञान समान्य जन तक पहुँचना आवश्यक है ।

मैं उन सभी रचनाकारों, पत्रिका के प्रकाशन में संरक्षक, मार्गदर्शक एवं सहयोगीगणों को आभार प्रकट करता हूँ जिनके प्रयास से पत्रिका का नया अंक अस्तित्व में आया है । आशा है प्रथम अंक की भांति द्वितीय अंक भी आपको पसंद आएगा। आपकी प्रतिक्रिया, सुझावों की अधीरता के साथ प्रतीक्षा रहेगी ।

एस. ईश्वर रेड्डी

संयुक्त आयुक्त (मुआका)

तिरुच्चि

faith

Ranjan Kumar Routray, Chief Comm

FAITH

Do not frighten me that sun will set soon
That darkness will spread to each nook and corner
That wild animals will roam free with blood in teeth

I know the sun will rise again
Dispelling gloom and darkness
Bathing in the rays of morning sun
I will rise again
To a new sunrise of hope and faith.

DREAM

Please do not disturb me in the midst of
my dream
It is enchanting
Please do not disturb me
The beautiful span of dream is
invigorating
And joyful

Please do not wake me up
The fear real or imaginary
The trial and tribulation real or unreal
Will return to claim
Portions of existence

Please do not wake me up
in the midst of my dream
its serenity and peacefulness

भरोसा

अंग्रेज़ी मूल से एम. राजराजेश्वरी, वरिष्ठ अनुवादक द्वारा अनूदित)

मुझे डराओ मत कि सूरज जल्दी डूब जाएगा,
कोने कोने में अन्धकार फैल जाएगा,
जंगली जानवर खून से सने हुए दांत लिए घूमेंगे

उदासी और अन्धकार को भगाकर
मुझे मालूम है कि सूरज का उदय होगा फिर
सुबह के सूरज के किरणों में सराबोर होकर मैं
आशा और भरोसा के एक नए सूर्योदय में
फिर उठूँगा

सपना

(अंग्रेज़ी मूल से एम. राजराजेश्वरी, वरिष्ठ अनुवादक द्वारा अनूदित)
मेरे सपने के बीच में न डालें बाधा
यह अतिमोहक है
छेड़ो मत मुझको
सुंदर स्वप्न-काल में
यह आनंदपूर्ण और स्फूर्ति दायक है

मत जगाओ मुझे
वह भय, असल या काल्पनिक
मुसीबत व तकलीफ, असल हो या नकल
अस्तित्व के अंशों का
दावा करते हुए वापस आएगा

मत जगाओ मुझे
सपने के बीच में
उसकी निस्तब्धा और शांति से

(This poem bagged the Editor's Award in 2007)

जरा गौर फरमाइए

विक्रम कुमार, अधीक्षक
सीमा शुल्क गृह तूत्तुक्कुडि

सोशल मीडिया आज न सिर्फ भारतीयों बल्कि विश्व के अधिकांश लोगो के जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। इसी सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त कुछ प्रेरक कथनों / संदेशों को साझा करना चाहता हूँ जो हमारे जीवन को सार्थक बनाने में मार्गदर्शक के रूप में उपयोगी हो सकते हैं:-

1. मार्गदर्शन सही हो तो एक नन्हा सा दीपक भी किसी सूरज से कम नहीं।
2. निकलता है हर सुबह एक नया सूरज यह बताने के लिए कि उजाले बाँट देने से उजाले कम नहीं होते।
3. पराजय तब नहीं होती जब आप गिर जाते हैं। पराजय तब होती है जब आप वापस उठने से इनकार कर देते हैं।
4. Every situation in life is temporary so when life is good make sure you enjoy & receive it fully and when life is not so good, remember that it will not last forever and better days are on the way.
5. श्रेष्ठता जन्म से नहीं आती गुणों के कारण इसका निर्माण होता है। दूध-दही, छाछ-घी सब एक ही कुल के होते हुए भी सबके मूल्य अलग-अलग होते हैं।
6. Wrong is wrong even if everyone is doing it, Right is Right even no one is doing it.
7. It is good to have money and the things that money can buy. But it is good too, to check up once in a while and make sure that you haven't lost the things that money can't buy.
8. Sometimes we need to lose our way to find our way.
9. Kindness is a language the blind can see and the deaf can hear.
10. किरण चाहे सूरजी की हो या फिर आशा की जीवन के सभी अंधकार को मिटा देती है।
11. अच्छे लोगों की परीक्षा कभी न लीजिए क्योंकि ये पारे की तरह होते हैं। जब आप इन पर चोट करते हैं तो वे टूटते नहीं है लेकिन फिसल कर चुपचाप आपकी जिंदगी से निकल जाते हैं।
12. Never think, I have nothing
    Never think, I have everything
    But always think, I have something and I can achieve anything.
13. नींद और निंदा पर जो व्यक्ति विजय पा लेते हैं। उन्हें आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता।
14. हमेशा मुस्कराते रहिए – कभी अपने लिए – कभी अपनों के लिए।
15. yesterday - Experience
    Today - Experiment
    Tomorrow - Expectations
    Use your experience in your experiment to achieve your expectations.
16. What's done is done, What's gone is gone, It is okay to look back and think of fond memories but keep moving forward.
17. बनावटी लोगों से संभल कर रहना, पहले रो-रो कर आपके दुःख दर्द पूछेंगे फिर हँस-हँस कर जमाने को बताएंगे।
18. जिंदगी भर सुख कमाकर दरवाजे से घर में लाने की कोशिश करते रहे, पता ही नहीं चला कि कब खिडकियों से उम्र निकल गई।
19. गुस्से के समय थोड़ा रुक जाए और गलती के समय थोड़ा झुक जाएं, जीवन आसान हो जाएगा।
20. अगर एक हारा हुआ इंसान हारने के बाद भी मुस्करा दे तो जीतने वाला अपनी जीत की खुशी खो देता है।
21. एकता – मिट्टी ने की तो ईट बनीं
    ईट ने की तो दीवार बनी।
    दीवार ने की तो घर बना।
    ये बेजान चीजें हैं, जब ये एक हो सकती हैं तो हम सब क्यों नहीं।

व्यापार करने में सुगमता

रंजन कुमार राउतरे, भा.रा.से.
मुख्य आयुक्त
(अंग्रेज़ी मूल से एम. राजराजेश्वरी, वरिष्ठ अनुवादक द्वारा अनुदित)

'व्यापार करने में सुगमता' विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित एक निर्देशिका है । यह एक कुल संख्या है जिसमें विभिन्न मापदंड शामिल हैं, जो एक देश में व्यापार करने की सुगमता को परिभाषित करते हैं । विभिन्न अर्थ व्यवस्था के 'डिस्टेंस टू फ्रांटियर स्कोर' को एकत्रित करके गणना की गयी है । सूचक, जिनके लिए 'डिस्टेंस टू फ्रांटियर स्कोर' की गणना की गयी है उसमें ऋण लेना और कर अदायगी तंत्र शामिल है ।

२. विश्व बैंक ने 'व्यापार करने में सुगमता' रिपोर्ट को 2018 में प्रकाशित किया है । भारत का समग्र रैंकिंग पिछले साल के 100 रैंकिंग से 77 पर पहुँच गया है । यह एक महत्वपूर्ण विकास है । यह समाज में, हितधारकों की उन्नति के लिए अर्थशास्त्र में परिवर्तन लाने के सारे प्रयासों का संक्षेपन करता हे ।

३. उच्च कर अनुपालन प्राप्त करते समय, सरल कार्यविधि से काम को आसान बनाकर कर शासन की व्यवस्था संचालन करने का श्रेय सीबीआइसी नेतृत्व और मंत्रालय को जाता है । यह स्पष्ट है कि देश मजबूत वैश्विक मानकों की दिशा में अपनी सतत विचलन जारी रख रहा है । यह ध्यान देने योग्य है कि सीमा पार व्यापार से संबंधित संकेतों में अधिकतम नाटकीय सुधार दर्ज किए गए हैं । 146 के रैंक से 80वॉ रैंक तक उन्नत हुआ हे । इसको सबसे बडा अंतर कहा जा सकता है ।

४. भारत ने निर्यात और आयात करने के समय एवं लागत को कई पहल द्वारा कम किया है जिसमें कंटेनर का इलेक्ट्रानिक सीलिंग, समर्थन कागजात का इलेक्ट्रानिक प्रस्तुतीकरण, प्राधिकृत आर्थिक प्रचालक योजना आरंभ करना और शारीरिक परीक्षण के बिना आरएमएस आधारित कार्गो की निकासी आदि शामिल है ।

५. इस संबंध में सीबीआइसी, नई दिल्ली के माननीय अध्यक्ष श्री एस. रमेश, भा.रा.से ने अपने सहकर्मियों के नाम के 01.11.2018 दिनांकित साप्ताहिक सूचना पत्र में कहा है :-

५.१ 'कारोबार रैंकिंग करना बोध आधारित है । आश्चर्य की बात यह है कि, यद्यपि कुछ हद तक गलत है, कार्गो रिहाई समय को व्यापक रूप से सीमा शुल्क द्वारा माल की निकासी करने का समय माना जाता है । वास्तव में निकासी की इस बड़ी प्रक्रिया में कई एजेंसियॉ सम्मिलित है और वह कई हितधारकों के लिए अगोचर है और इसका कारण है निकासी प्रक्रिया में सीमा शुल्क का प्रमुख स्थान । अत: अन्य एजेंसियों द्वारा विनियामक

अनुमोदन की प्रतीक्षा में निकासी में देरी होने की स्थिति में भी यह समझा जाता है कि सीमा शुल्क ही देरी के लिए जिम्मेदार है । निकासी प्रक्रिया में सीमा शुल्क की प्राधान्यता के कारण, भागियों की बहुलता के होते हुए भी संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र सुधारने का बोझ सीमा शुल्क के कंधों पर पडा है । स्विफ्ट (एकल विंडो), एईओ (प्राधिकृत आर्थिक प्रचालक) योजना, सुधार किए जोखिम नियम, फ्लेगशिप सुधार ई-संचित, खेल परिवर्तक पहल डायरेक्टर पोर्ट डेलिवरी (डीपीडी), कंटेनरों की आरएफआइडी ई-सीलिंग आदि आरंभ करना, जैसे कई सुधार सीमा शुल्क ने आरंभ किए हैं जिन्होंने हमारे रैंकिंग को बढाने में सामूहिक रूप से मदद की है ।'

५.२ 'लाभदायक सुधारों की कल्पना करना और अमल में लाना पर्याप्त नहीं है । अंततोगत्वा सुधारों का प्रभावी कार्यान्वयन और निरंतर मॉनिटरिंग की आवश्यकता है । सीमा शुल्क के क्षेत्रीय अधिकारियों की भूमिका यहॉ पर अति महत्वपूर्ण हैं । सीबीआइसी द्वारा आरंभ किए गए सुधारों का कार्यान्वयन करके बुनियादी स्तर पर उत्तम और श्रेष्ठ काम करने के लिए आपको और आपकी टीम को बधाई देने में मुझे अति प्रसन्नता हो रही है । जेएनसीएच और दिल्ली सीमा शुल्क विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं क्योंकि उनके प्रभार के अधीनस्थ पत्तन विश्व बैंक टीम द्वारा मूल्यांकन में हिस्सेदार थे । तथापि विश्व बैंक सर्वेक्षण के प्रत्यर्थी इन पत्तन तक ही सीमित नहीं है । अत:, हमारा संपूर्ण सीमा शुल्क बंधुता, व्यापार एवं उद्योग समूह के हितधारक सहित सभी, प्रशंसा के पात्र है । सीमा शुल्क द्वारा आरंभ किए गए सुधारों के समर्थन और कार्यान्वयन में सिस्टम महानिदेशालय, सीबीआइसी द्वारा किए गए प्रयासों का यहॉ विशेष रूप से उल्लेख करने की आवश्यकता है ।

६. तमिलनाडु एवं पांडिचेरी राज्य में, तिरुच्चि जोन में, तस्करी-रोधी कार्य में बहुत अच्छे काम के अलावा, निर्यात और आयात में प्रवास समय की कटौती में उल्लेखनीय प्रगति भी की गयी है । पिछले वित्तीय वर्ष में बुक किए गए तस्करी-रोधी मामलों में सम्मिलित रकम लगभग रुपए 17 करोड़ है, वर्तमान वित्तीय वर्ष में यह रकम अक्तूबर 2018 तक रुपए 22 करोड़ है । इस वर्ष लगभग रुपए 4 करोड़ कीमत वाली विदेशी मुद्रा का अभिग्रहण तस्करी-रोधी प्रयासों में एक मील का पत्थर है । जहॉ तक व्यापार करने में सुगमता का संबंध है हाल के महीनों में निर्यात एवं आयात के लिए सीमा शुल्क द्वारा प्रवास समय और भी कम किया गया है । एक अध्ययन के अनुसार ड्यूटी अदायगी के बाद 48 घंटों में लगभग 87% के आयात कागजात की सीमा शुल्क द्वारा निकासी की गयी है । यह पिछले वर्ष लगभग 79 % था ।

७. अत: यह संपूर्ण देश के लिए और खास तौर पर सीबीआइसी के लिए यह एक महत्वपूर्ण घड़ी है । उल्लेखनीय परिवर्तनों और सुधारों को बनाए रखने का उत्साह सभी कार्यालयों में सभी स्तरों पर, सीबीआइसी और सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में सुस्पष्ट है ।

अजीब दुनिया

सुनील कुमार शर्मा
निरीक्षक

ये दुनिया वाले भी बड़े अजीब होते हैं।
कोई दुश्मन तो कोई हबीब होते हैं।
कुछ भी मुस्तकिल नहीं इस जहां में
कभी अपने दूर तो गैर करीब होते हैं।

जज्बात छुपाओ तो कायर समझ लेते हैं
दर्द ए दिल बताओ तो शायर समझ लेते हैं
समझ नहीं पाया मैं दस्तूर दुनिया का
जो नेकी करने वालों को नालायक समझ लेते हैं।

जो मुद्दा हुस्न का है तो यार भी रकीब होते हैं
महलों में रहके भी कुछ दिल से गरीब होते हैं।
जो फ़ना आशनाई पे अक्सर बदनसीब होते हैं।

कठिन शब्दार्थ

१. हबीब – Friend
२. मुस्तकिल – Permanent
३. दस्तूर – Rules
४. रकीब – Love competitors
५. आशनाई – Friendship or love affairs

अधूरा इश्क

इश्क की सरहद पे तन्हा मैं, खुद को तैनात करता हूँ
मुखातिब जब होता तुमसे, तो ना जाहिर जज्बात करता हूँ
मांगा है तुझे मैंने दर पे पीर फकीरों के भी
तू मेरे नाम हो जाए दुआ भर रात करता हूँ।

अरमान दिल के लबों पर ना आए, तो क्या गुनहगार हम ही हैं
इजहार ना किया तुमने भी तो क्या जिम्मेवार हम ही हैं
खामोश मैं रह जाता हूँ तो क्या, पहल मैं ही करूं जरूरी ही है
इस अधूरे इश्क के लिए, बोलो क्या कसूरवार हम ही हैं।

सोचकर कि मेरा इजहार ना तब्दील हो तेरी इन्कार में
धड़कनें बढ़ने लगें तो, क्या करू इस हाल में
जिक्र करता तेरा खुदा से ख्वाबों में ही बस बात करता
तू मेरे नाम हो जाए दुआ भर रात करता हूँ।

मेरे अधूरे इश्क की कहानी अब इश्तिहार लगती है
महबूब के इंतजार में मेरी तस्वीर भी बीमार लगती है
बेवकूफ है वे जो इल्जाम देते हैं बदसूरत चेहरों को
जिंदगी मेरी बर्बाद की उसने जो हसीन-ए-बहार लगती

मुकद्दर रूठा है मेरा या मुहब्बत में मिलावट है
तू संगीन है शायद या फिर झूठी बनावट है
खता मेरी है या तेरी ये तहकीकात करता हूँ
तू मेरे नाम हो जाए दुआ भर रात करता हूँ।

विश्वास

सुनील कुमार शर्मा
निरीक्षक

जीवन शय्या है पुष्पों की या शूलों का वास है,
उत्तर देता इस यक्ष प्रश्न का, मानव मन का विश्वास है।
विश्वास प्रबल है यदि मानव का, तो स्वप्न यथार्थ हो जाता है
विश्वास बदलता दृढ़ निश्चय में, तब पुरुषार्थ हो जाता है।
बीज नागफली के मन में बोकर, कैसे कमल उगा सकता है।
कंकर के धक्के से सागर में, कैसे ज्वार जगा सकता है।
घोर निराशामग्न है वो, या बाकी अभी आस है
उत्तर देता इस यक्ष प्रश्न का, मानव मन का विश्वास है।
सरल नहीं है सुगम नहीं, मन में विश्वास जगा पाना,
कठिन डगर है शूल बिछे, मुश्किल इन राहों पे चल पाना।
लेकिन कर्मठ नर के सिंहनाद से दुर्भाग्य भी सहमा रहता है,
और मजबूत इरादों के आगे तूफान थमा सा रहता है।
परचम फहराएगा जग में या बाधाओं का दास है,
उत्तर देता इस यक्ष प्रश्न का, मानव मन का विश्वास है।

सूर्य, चंद्र, भूगोल, खगोल, और भूगर्भ के राज को
मन मष्तिष्क की शक्ति से जीता हिम किरीट के ताज को
उठो धरा के नर नारी, नूतन निर्माण करो अपना,
विश्वास से निर्मित होता मानव, यथार्थ करों अपना सपना
उक्त पंक्तियाँ सत्य वचन है या मन में अविश्वास है,
उत्तर देता इस यक्ष प्रश्न का, मानव मन का विश्वास है।

सिनेमा का समाज पर प्रभाव

सुभाष कुमार
अधीक्षक, सीमा शुल्क गृह तूत्तुक्कुडी

सिनेमा, समाज में मनोरंजन का महत्वपूर्ण साधन है। सभी आयुवर्ग के व्यक्तियों पर इसका प्रभाव पड़ता है। ये प्रभाव सकारात्मक व नकारात्मक दोनों तरह का हो सकता है। अतः हम यहाँ पहले सकारात्मक प्रभाव पर विचार करेंगे।

सिनेमा किसी भी समाज का आईना होता है। समाज में जो भी घटित होता है उसी का चित्रण सिनेमा में दिखाया जाता है इसके साथ ही सिनेमा में जो कुछ दिखाया जाता है उसका समाज पर प्रभाव पड़ता है। "राज हरिश्चंद्र" नाटक का प्रभाव महात्मा गाँधी के जीवन पर कैसा हुआ था, सभी को विदित है। अतः हम सिनेमा के माध्यम से समाज से बुराइयों को दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। आपसी भाईचारे को बढ़ाने में सिनेमा का महत्वपूर्ण योगदान है। सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में सिनेमा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सिनेमा से रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। सिनेमा के माध्यम से हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोए रख सकते हैं। आने वाली पीढियों में नैतिक मूल्यों का प्रसार कर सकते हैं।

जहाँ सिनेमा के अनगिनत सकारात्मक प्रभाव दिखाई देते हैं वहीं इसका नाकारात्मक पहलू भी है। इसका सबसे अधिक भयावह दुष्प्रभाव पाश्चात्य संस्कृति का प्रसार व भारतीय संस्कृति की अवहेलना है। सही मार्ग दर्शन के अभाव में युवावर्ग व बच्चों पर इसका नकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है। बच्चे किसी विशेष किरदार की नकल करने लग जाते है। युवा अपने माता-पिता की आय को ध्यान में न रखते हुए फिजूलखर्ची करने लग जाते है। उनका ध्यान पढ़ाई से हटने लगता है फैशनेबल कपड़े या हेयर स्टाइल की ओर अधिक आकर्षित होने लगता है। जीवन में संयम का महत्व कम होने लगता है मन पसंद कार्यों में रुचि बढ़ जाती है फलस्वरूप उनकी उन्नति में बाधा पड़ती है।

आजकल ऐसी फिल्मों को यू/ए प्रमाण पत्र मिल जाता है जिन्हें भारतीय संस्कृति के संदर्भ में प्रामाणिक नहीं माना जा सकता है। नायक/नायिकाओं का अर्धनग्न हालात किसी गीत पर थिरकना युवा मन को निस्संदेह रूप विचलित करता है। कुछ फिल्मों में अप्रत्याशित व शी सफलता प्राप्त करने के गलत तरीकों को दर्शाया जा है। समाज की बुराइयों को दिखाने के लिए ऐसा विद्र समाज दिखाया जाता है जिसका बच्चों एव युवाओं कोमल मनः पटल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है बच्चों में हिंसा एवं बुराइयों की प्रवृत्ति बढ़ने लगती है ईमानदारी एवं कठिन मेहनत करने की अपेक्षा आसा एवं शार्टकट तरीको से सफलता प्राप्त करने में रुचि बढ़ लगती है।

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि सिनेम का समाज पर सकारात्कम एवं नकारात्मक दोनों तर के प्रभाव पड़ते हैं। सेंसर बोर्ड एव अभभावकों की सावधानी व जिम्मेदारी से सिनेमा के सकारात्मक प्रभा को बढ़ाया जा सकता है तथा नकारात्मक प्रभव को कम किया जा सकता है। इसके लिए सरकार एवं समाज क निरंतर प्रयत्नशील रहना चाहिए। सकारात्मक सोच क बढ़ाने वाली फिल्मों को बढ़ावा मिलना चाहिए तथ नकारात्म प्रभाव बढ़ाने वाली फिल्मों पर रोक लगन चाहिए।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त निबंध

"हिन्दी का प्रचार-प्रसार"
"जय हिंदी जय हिंदुस्तान"

गौरव कुमार,
निरीक्षक, सीमा शुल्क गृह तूतुक्कुडि

सीमा शुल्क गृह तूत्तुक्कुडि में,
हिन्दी भाषा का हुआ खूब प्रचार-प्रसार
कर्मचारी और अधिकारी सब मिल कर करते मेहनत अपार।
खूब मेहनत कर सीख गए हिन्दी में करना कार्य व्यवहार।

रबड़ मुहर और नामपट्ट भी पहले यहाँ अंग्रेजी में थे
कर्मचारी और अधिकारियों के हस्ताक्षर सिर्फ अंग्रीजी में थे।
अंग्रेजी में थे सभी रजिस्टर, कार्यालय अंग्रेजी वाला था ।
अंग्रेजी वाले बाबू थे, अंग्रेजी का बोलबाला था ।।
अंग्रेज तो चले गए पर चलन रहा अंग्रेजी भाषा में।
सब कुछ था अंग्रेजी में पर लोकप्रियता मातृभाषा में।

धीरे-धीरे हुआ हिन्दी का खूब ही प्रचार-प्रसार
नामपट्ट, रबड़ मुहर, रजिस्टर का हुआ द्विभाषी कार्य
पत्राचार हो गया द्विभाषी, हुआ हिन्दी में हस्ताक्षर का प्रयोग
अधिकारी और कर्मचारी सब, अब करते हिंदी का खूब प्रयोग
हिन्दीतर अधिकारी भी अब पीछे नहीं रहना चाहते हैं।
प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ कक्षा में हिन्दी पढ़ने जाते है।
अब करते इसका उपयोग हिन्दी के प्रचार प्रसार में
इनके ही अथक परिश्रम से आई क्रांति हिन्दीतर क्षेत्र में

अब वह दिन दूर नहीं जब, हिन्दी भाषा बनेगी सूत्र
जिसके बंधन में बंधकर यह देश बनेगा अखंड अटूट
तभी हमारा गौरव होगा और होगी एक विशिष्ट पहचान
जय हिन्दी जय हिन्दुस्तान, जय हिन्दी जय हिन्दुस्तान।

CHILD ADOPTION AND INDIAN CULTURE

Pabitra Anand
W/o Sumeet Kumar,
Inspector, Customs Division, Trichy

Every child has a right to love and be loved and to grow up in an atmosphere of love and affection and of moral and material security. This is possible only if the child is brought up in a family.

The concept of adoption is not a new one; rather the custom and practice of adoption is continuing from the past. It is built into the Indian culture. If we look to Hindu religious texts, we have a number of examples of incarnations of God and Goddess, Warriors and learned women/men being raised by adoptive parents. There are several instances in Hindu scriptures that suggest that the concept of adoption of children has always existed, such as in the case of Krishna and Karna in the Mahabharat. The tales of Shakuntala and Andal also assume importance when it comes to the notion of adoption and entitlement.

In more recent international context, prominent personalities such as Nelson Mandela and Steve Jobs were adopted.

Child adoption in India has been a prevalent social practice from ancient times but with a different perspective. Generally the view is that when any individual completely lacks or loses his or her capability to beget a child, then the couple concerned adopts a child

In the past, a childless couple would 'adopt', a child from one's own family. But now, it is not always like this. Adoption is not limited to relative children.

The motives of people who adopt vary.

I) The primary considerations were the interest of th adoptive parents, namely the perpetuation of fami name and lineage, protection in old ag performance of death rites and salvation of th adoptive parents.

ii) Other motives to adopt could be a desire to give home to a child who needs one, wanting a child of th other gender, or for the welfare of destitute ar abandoned children.

Now, the trend is changing a lot. It is being noted th single-parent adoption is also being done in cities ar urban areas.

There was a lot of preference given to the male chi in the earlier times. Now with the changing times, th perception is also changing. New laws are also developin In India adoption is now regulated by the introduction the Hindu Adoptions and Maintenance Act, 1956. Variou radical changes in the Hindu law as to the persons wh could be adopted were brought in the new HAMA, 195 Under the Hindu law, the adoption of child means that th child is totally uprooted from the natural family an transplanted in the new family.

Prior to the Hindu Adoptions and Maintenance Ac 1956 only the adoption of son was recognised but after th

commencement of this Act, daughter's adoption is also legally recognised. This has been considered the major change. Now, more people are coming forward to adopt a girl child.

Moreover, earlier only male Hindus had the right to adopt or to give in adoption. But now it has been recognised that Hindu women can also adopt or give in adoption.

Adoption laws for other communities are different and complex in India. In recent times people through education and compassion are taking things with different perspective and gradually things are changing.

Adoption serves the double purpose of giving a child a home and giving the parents a child. It is a wonderful social institution that every civilised society ought to support.

Yet, in India, there is frequently a shroud of secrecy around adoption. Parents feel somewhat ashamed of letting their relatives and or acquaintances know of their adoption of children because of the perceived social stigma that would fall upon the child. This however, makes no sense and serves to illustrate how paradoxical our ideas of honour are.

Other aspect could be that adoption in a sense helps in population control. All children are God- gifted. So, there should not be any difference between one's own child and other's child. Rather than bringing more of their own children into existence, one can adopt existing children of others, which will ultimately serve two purposes : Population control and more importantly child welfare. Adopting child will be beneficial to women who can choose to work instead of giving birth on maternity leave and facing the troubles and complications of pregnancy. A biological child gives you nothing extra except a family resemblance.

There are so many children who do not have parents, home, food, etc. By adopting them, adoptive parents will be able to provide them proper education, relationship, care etc. The only thing needs to be taken care of is to ensure that the child gets into the right hands. This can be ensured by checking the adoptive family background, parents' maturity, marital relationship, attitude for adoption, financial stability etc. To ensure the welfare of the children, there needs to be uniform civil code for adoption.

I would conclude with a famous quote by Joyce Maquine Pavao- " Adoption is not about finding children for families, it is about finding families for children."

सिमरन कुमारी
सुपुत्री नवलेश प्रजापति,
निरीक्षक

राजु प्रजापति
सुपुत्र नवलेश प्रजापति

वृद्धावस्था की समस्याएं

नई चिकित्सा ने जहां लोगों की आकस्मिक मृत्यु को रोक दिया है, वहीं बढ़ते बुढ़ापे ने एक समस्या खड़ी कर दी है जो दिनोंदिन विकराल होती जा रही है. रिटायरमैंट के बाद कुछ साल तो निकल जाते हैं पर जैसे जैसे बच्चे, अगर हैं, अपनीअपनी गृहस्थी में व्यस्त होने लगते हैं, तो जिंदगी में एक खालीपन छाने लगता है और जीवन बेकार सा महसूस होने लगता है. संपत्ति होते हुए भी नकदी कम होने लगती है, बीमारियों पर खर्च बढ़ने लगता है. ये ऐसे तनाव हैं जिन के उदाहरण या नियम कम हैं. इन से कैसे निबटें, यह न बच्चे जानते हैं न पड़ोसी और न डाक्टर. ऊपर से इन वृद्धों को लूटने वाले चारों और बिखरे रहते हैं. कोई घर का नौकर बन कर आता है तो कोई बैंक मैनेजर.

अच्छे घरों और अच्छे पदों पर रहने वाले लोगों के लिए बुढ़ापा एक आफत बन कर आ रहा है, खासतौर पर जब दोनों में से एक साथ छोड़ जाए. अब समाज में ऐसा भी होने लगा है जब पतिपत्नी अपनेआप में इतने व्यस्त और संतुष्ट रहते हैं कि वे बच्चे चाहते ही नहीं हैं और पूरे तर्क सहित सोचविचार कर बच्चे न पैदा करने का निर्णय लेते हैं. 25-30 वर्ष की आयु में लिए गए इस निर्णय का असर 60-70 की आयु में दिखता है जब कोई उन की संपत्ति को लेने वाला नहीं बचता कि जो बदले में साधारण देखभाल भी प्यार समेत दे दे. हां, लूटने वाले बहुत आ जाते हैं. इन वृद्धों का हाल उन से ज्यादा बुरा नहीं है जिन के बच्चे विदेशों में जा कर बस गए हैं.

इस समस्या का हल वृद्धाश्रम से ज्यादा आसान एक ही घर में 4-5 वृद्धों का रहना होगा. बिल्डरों को ऐसे सुविधाजनक घर बनाने चाहिए जिन्हें वे केवल प्रौढ़ों और वृद्धों को बेचें और उन की बनावट ऐसी हो कि वृद्ध उन्हें खुद मैनेज कर लें और कमजोर होने पर भी उन्हें संभाल सकें. सरकारों से उम्मीद तो नहीं की जा सकती कि वे उन्हें सहायता देंगी पर वे कम से कम ऐसे मकानों, जो 70 साल से ऊपर वालों के हैं, करमुक्त, मुफ्त बिजलीपानी के कर दें ताकि बुजुर्गों को बिलों का भुगतान न करना पड़े.

दिनेश प्रजापत
निरीक्षक

सफर

सुमीत कुमार निरीक्षक

मैं, एक ऐसे सफर में निकल चुका हूँ, जहाँ बेचैनियाँ मेरा इंतजार करती है और तनहाइयाँ मेरे साथ-साथ चलती हैं।
मैं बढ़ता चला जा रहा हूँ,
रुको! ठहर जाओ! अरे अपने अवाज लगा रहे हैं।
मुलाकात जरूरी है, पर मैं बढ़ता चला जा रहा हूँ,
हाँ, जहाँ बेचैनियाँ मेरा इंतजार कर रही हैं और तनहाइयोँ ने अभी भी मेरा साथ नहीं छोड़ा है।
क्या सफर खत्म हो रहा है? क्या मंजिल दिख रही है? अरे नहीं यह तो मृगतृष्णा थी। खूबसूरत थी। सफर तो खत्म ही नहीं हो रहा। बढ़ता चला जा रहा है, हाँ, रास्तों के साथ-साथ।
डर है मुझे कहीं मंजिल ने मुझसे संबंध विच्छेद तो नहीं कर लिया, रास्ते मेरी प्रियतमा बनने को बताब हैं। नहीं नहीं ये झूठ है। मैं कदम बढ़ाता चला जा रहा हूँ उन्ही रास्तों पर,
हाँ, जहाँ बेचैनियाँ मेरा इंतजार कर रही हैं और तनहाइयोँ ने अभी भी मेरा साथ नहीं छोड़ा है।
इतना बेचैन होना क्या अच्छा है? नहीं बिलकुल नहीं। मैं देवों का मानस पुत्र हूँ। उम्मीदों की गोद में पला हूँ। यूँ हार मानना मेरी प्रकृति है ना नियती।
मैं, बढ़ता चला जाउँगा, अपनों से मिलने की उम्मीद में, आशाओं के चिराग की रोशनी में, चाहे कितनी भी जलन हो, तपन हो, चुभन हो, पर मैं बढ़ता चला जाऊँगा।
हाँ, जहाँ बेचैनियाँ मेरा इंतजार कर रही हैं और तनहाइयोँ ने अभी भी मेरा साथ नहीं छोड़ा है।

चिड़िया की सूझबूझ

देवेन्द्र सिंह सिकरवार, कनिष्ठ अनुवादक

चिड़िया ने शादी करते ही, वर से मांगा वर
पहले शौचालय बनवाओं, तभी बसेगा घर।
वर बोला जैसा चलता है, वैसा कुछ दिन और करो,
खुला पड़ा है इतना सारा, इसका ही उपयोग करो।
चिड़िया बोली अब न करूगी, इतना गंदा कर्म
अजी, खुले में शौच जात में, मुझको लगती शर्म।
हमने जो भी गलती की है, आगे नहीं करन दूंगी
पहले शौचालय बनवाओ, तब बच्चों को जनम दूंगी।

मोर

सिमरन कुमारी,
पुत्री नवलेश प्रजापति

देखो रंग विरंगे मोर आए
आसमान में भी बादल छाए
कैसे अपने पंखों को फैलाकर
अतिमनमहोक नाच दिखाए।
हम सबके मन को बहलाए
देखो रंग विरंगे मोर आए
आसमान में भी बादल छाए
उसके सर पर कलगी ऐसी
बादसाह के ताज के जैसी
भारत का राष्ट्रीय पक्षी कहलाए
देखो रंग विरंगे मोर आए
आसमान में भी बादल छाए।
हम सबको है नाज इन पे
आओ मिल कर हम इन्हें बचाएँ
वन उपवन हम कभी न काटें
ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं।
इन्हें से विलोपन से बचाएं।
देखो रंग विरंगे मोर आए
आसमान में भी बादल छाए।

स्वच्छ भारत अभियान

नवलेश प्रजापति,
निरीक्षक

नगर-नगर और गांव-गांव में, चर्चा है स्वच्छ भारत अभियान की
आओ बच्चो तुम्हे बताएं विधि स्वच्छता अभियान की
विकल्प पॉलिथीन की थैली का, कपड़ा और कागज की झोली,
लोगों में जागरूकता लाए, बंद करो पॉलिथीन की थैली।
आओ बच्चो तुम्हे बताएं विधि स्वच्छता अभियान की
खुद न फैलाओ कभी गंदगी, नहीं अन्य को फैलाने दें।
साफ सफाई रख कर हम सब, रोगों को ने फैलने दें।
कचरे का कर उचित प्रबंधन, उससे उत्पन्न करो उर्वरक
उत्पादन को अधिक बढ़ा कर, कुछ मदत करो किसान की
आओ बच्चो तुम्हे बताएं विधि स्वच्छता अभियान की।
घर-घर में शौचालय बनाओ, सभी को उसके लाभ बताओ।
तनिक गंदगी फैलन न पाए, ऐसी सोच हो हर इंसान की ।
आओ बच्चो तुम्हे बताएं विध स्वच्छता अभियान की
सपना हो साकार बापू का, भारत स्वच्छ बनाने का
पूरण हो उद्देश्य हमारा स्वच्छता दिवस मनाने का।
आज जरूरत आन पडी है, जागरूकता फैलाने की।
आओ बच्चो तुम्हे बताएं विध स्वच्छता अभियान की
"स्वच्छता ही सेवा है" लोगो को समझाना है।
समृद्धि का यही मंत्र है लोग को बतलाना है।
लहर चल रही, सभी ओर अब
मोदीजी के स्वच्छता के दो कदम अभियान की
आओ बच्चो तुम्हे बताएं विधि स्वच्छता अभियान की।
जय हिंद

तिருக்குரல திருக்குறள்

मु.गो. वेंकटकृष्णन, एम.ए. अवकाशप्राप्त हिन्दी प्राध्यापक, अलगप्पा कालेज, कारैक्कुडि ने तमिलनाडु के संत तिरुवल्लुवर विरचित तमिल भाषा के प्रसिद्ध ग्रंथा का दोहा छंद में अनुवाद किया है । तमिल मूल तथा नागरि लिपि में अनुवाद किए तिरुक्कुरल का अध्याय 2 नीचे प्रस्तुत है ।

अध्याय - 2

வான் சிறப்பு

வான்நின்று உலகம் வழங்கி வருதலால்
தான் அமிழ்தம் என்றுணரற் பாற்று

துப்பார்க்குத் துப்பாய துப்பாக்கித் துப்பார்க்குத்
துப்பாய தூஉம் மழை.

விணின்று பொய்ப்பின் விரிநீர் வியனுலகத்து
உள்நின்று உடற்றும் பசி.

ஏரின் உழா அர் உழவர் புயலென்னும்
வாரி வளங்குன்றிக் கால்.

கெடுப்பதூஉங் கெட்டார்க்குச் சார்வாய்மற் றாங்கே
எடுப்பதூஉம் எல்லாம் மழை

விசும்பின் துளிவீழின் அல்லால்மற் றாங்கே
பசும்புல் தலைகாண்பு அரிது.

நெடுங்கடலும் தன்நீர்மை குன்றும் தடிந்தெழிலி
தான்நல்கா தாகி விடின்.

சிறப்பொடு பூசனை செல்லாது வானம்
வறக்குமேல் வானோர்க்கும் ஈண்டு.

தானம் தவம்இரண்டும் தங்கா வியன்உலகம்
வானம் வழங்கா தெனின்.

நீர்இன்று அமையாது உலகெனின் யார்யார்க்கும்
வான்இன்று அமையாது ஒழுக்கு.

वर्षा महत्व

उचित समय की वृष्टि से जीवित है संसार।
मानी जाती है तभी, वृष्टि अमृत की धार।।

आहारी को अति रुचिर, अन्नरूप आहार।
वृष्टि सृष्टि कर फिर स्वयं, बनती है आहार।।

बादल-दल बरसे नहीं, यदि मौसम में चूक।
जलधि घिरे भूलोक में, क्षुति से हो अति चूक।।

कर्षक जन से खेत में, हल न चलाया जाय।
घन-वर्षा संपति की कम होती यदि आय।।

वर्षा है ही अति प्रबल, सब को कर बरबाद।
फिर दुखियों का साथ दे, करे वही आबाद।।

बिना हुए आकाश से, रिमझिम रिमझिम वृष्टि।
हरी भरी तृण नोक भी, आयेगी नहीं दृष्टि।।

